उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

शान्तिपुरम (सेक्टर एफ) जानसेमठ
प्रयागराज – 211021
प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ
फोन नं.-7525048048
E-mail: inchargesc@uprtou.ac.in

पत्रांक ओ.यू./क्षे.से.प्र./526/2026 दिनांक 01-10-2026

सेवा में,

प्राचार्य/सामन्वयक
समस्त अध्ययन केन्द्र
उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
प्रयागराज

विषय अध्ययन केन्द्र सम्बन्धी संचालन व्यय के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय के पत्रांक ओ.यू./ई.सी./(38-138)/269/2025 दिनांक 09/05/2025 द्वारा आदेश के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्रों को नवीन व्यवस्थानुसार पाठ्यक्रम संचालन व्यय के अन्तर्गत प्रथम वर्ष नामांकन के सापेक्ष धनराशि का भुगतान ऑनलाइन संस्था के खाते में प्रेषित किया जा चुका है। जिसके अन्तर्गत आपके अध्ययन केन्द्र पर संचालित परामर्श कक्षाओं का अपेक्षित व्यय भी सम्मिलित है।

अतः उक्त व्यवस्था के सापेक्ष सभी अध्ययन केन्द्रों को दिनांक 27/07/2026 को पत्रांक ओ.यू./क्षे.से.प्र./925/2026 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु सम्पन्न करायी गई प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परामर्श कक्षाओं की समय सारणी, संलग्न प्रारूप पर परामर्शदाताओं का विवरण एवं शपथ-पत्र सहित दिनांक 10 अगस्त 2026 तक अधोहस्ताक्षरी कर उपलब्ध कराने हेतु सूचित किया गया था, जिससे द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के नामांकन के सापेक्ष आपके अध्ययन केन्द्र का व्यय ऑनलाइन प्रेषित किया जा सके, किन्तु अद्यतन अधिकांश अध्ययन केन्द्रों द्वारा उक्त निर्देशों का सम्यक अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया जा सका है। पुनः आपको निर्देशित किया जाता है कि अन्तिम रूप से दिनांक 12/10/2026 तक उक्त दस्तावेजों को अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा की दशा में भविष्य में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के सापेक्ष आप द्वारा भुगतान सम्बन्धी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

संलग्नक : प्रारूप (शपथ-पत्र तथा परामर्शदाताओं/शिक्षकों की सूची का प्रारूप)

भवदीय

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

पृ. संख्या ओ.यू./क्षे.से.प्र./526 (i)/2026 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त क्षेत्रीय केन्द्र सामन्वयकों को शीघ्र क्रियान्वयन हेतु।
2. सहायक नोडल प्रभारी को वेबसाइट पोर्टल तथा अध्ययन केन्द्र लॉगिन पर अपलोड करने हेतु।
3. वित्त अधिकारी, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
4. कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
5. कुलपति जी के निजी सचिव को मा0 कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

Dr. ICT 01/10/26

01/10/26

Scanned with OKEN Scanner